
अमर उजाला 02/12/2025

# विद्यार्थियों को बताए इंटरव्यू की तैयारी के गुर



कार्यशाला में बच्चों को संबोधित करते हुई वक्ता। कॉलेज

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को रिज्यूम लेखन और इंटरव्यू स्किल्स जैसी आवश्यक करियर क्षमताओं से सशक्त बनाना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को इंटरव्यू की तैयारी के तरीके बताए। सत्र में लैंग्वेज लैब की को-कन्वीनर हर्षिता ने भी संचालन में सहयोग किया। कार्यशाला का नेतृत्व लैंग्वेज लैब की चेयरमैन कमलप्रीत कौर एवं कन्वीनर मेहक तलवार ने किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसे कार्यशाला विद्यार्थियों को करके सीखने की दिशा में प्रेरित करते हैं और अकादमिक ज्ञान को वास्तविक जीवन कौशल से जोड़ते हैं। संवाद